भगवान तुम्हारी गीता में

जाने क्या जादू भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में,
मन चमन हमारा हरा हुआ घनश्याम तुम्हारी गीता में,
जाने क्या जादू भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में......

गीता ग्रंथों से न्यारी है,
श्रुति ज्योति अनुभव कारी है,
युग युग का अनुभव जुड़ा हुआ घनश्याम तुम्हारी गीता में,
जाने क्या जादू भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में.......

जब शोक मुंह से घिर जाते,
तब गीता बचन हृदय लाते,
कल्याण खजाना भरा हुआ श्री कृष्ण तुम्हारी गीता में,

गीता संतों का जीवन है,
गंगा के सम अति पावन है,
शरणागत अमृत भरा हुआ घनश्याम तुम्हारी गीता में,
जाने क्या जादू भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में,
विज्ञान ज्ञान रस भरा हुआ श्री कृष्ण तुम्हारी गीता में,
हरि प्रेम लबालब भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में.......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25780/title/bhagwan-tumhari-geeta-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |